तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 1 अक्टूबर 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

10 राहुल गांधी के सीने पर गोली मारने की धमकी, ...

10 महासमुंद में 80 से अधिक वर्षों से आयोजित...


B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 05/10/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

# प्रतिबंध को ठेंगाः चिंगरौद में रेत माफिया बेखौफ, ट्रैक्टरों से जारी अवैध परिवहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सरकारी प्रतिबंधों और सख्त नियमों के बावजूद, ग्राम चिंगरौद में स्थित सूखा महानदी और इसके आस-पास के क्षेत्रों में रेत का अवैध परिवहन धड़ल्ले से जारी है। यह काला कारोबार मुख्य रूप से ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से किया जा रहा है, जिससे न केवल शासन को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है, बल्कि स्थानीय पर्यावरण और सड़कों को भी भारी क्षति पहुंच रही है।

हैरानी की बात यह है कि सब कुछ जानते हुए भी खनिज विभाग और स्थानीय प्रशासन कोई प्रभावी कार्रवाई करने में विफल रहा है, जिससे रेत माफिया के हौसले बुलंद हैं। ये ट्रैक्टर-ट्रॉलियां अक्सर ओवरलोड होती हैं, जिससे सड़कों पर गड्ढे बन रहे हैं और उनकी टूट-फूट बढ़ गई है।

इसके अलावा, रेत से भरे इन तेज रफ्तार वाहनों से क्षेत्र में दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बना रहता है। यह भी सामने आया है कि रेत माफिया द्वारा अवैध उत्खनन के लिए कई बार अक्सर जेसीबी जैसी बड़ी मशीनों का उपयोग भी किया जाता है, जो नदी के किनारों और पारिस्थितिकी तंत्र को अपूरणीय क्षति पहुंचाती हैं। इन मशीनों के उपयोग पर प्रतिबंध है।

## कार्रवाई को लेकर प्रशासन मौन, पर्यावरण व सड़कों को भी हो रही भारी क्षति

### बेखौफ ट्रैक्टरों की मौत की दौड़

मानसून या अन्य किसी भी कारण से नदियों में रेत खनन पर प्रतिबंध लगे होने के बावजूद, चिंगरौद क्षेत्र की नदी घाटों से रेत चोरी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, रात के अंधेरे में शुरू होने वाला यह अवैध कारोबार अब दिन के उजाले में भी बेखौफ होकर चल रहा है। प्रतिदिन दर्जनों की संख्या में रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां गांव की मुख्य सड़कों और आसपास के मार्गों पर फर्राटे भरती देखी जा सकती हैं।



### पर्यावरण और राजस्व को गहरा आघात

रेत का यह अंधाधुंध अवैध उत्खनन और परिवहन क्षेत्र के पर्यावरण के लिए एक बड़ा खतरा बन गया है। नदियों से अत्यधिक रेत निकालने के कारण नदियों का जल स्तर नीचे जा रहा है, जिससे न केवल किसानों के लिए सिंचाई की समस्या खड़ी हो रही है, बल्कि जलीय जीवों और नदी के पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंच रहा है। नदी के किनारे खोखले हो रहे हैं, जिससे भविष्य में बाढ़ और भूस्खलन का खतरा बढ़ सकता है। वहीं, दूसरी ओर, सरकार को इस अवैध कारोबार से करोड़ों रुपये के राजस्व की हानि हो रही है। यह पैसा जो लोक कल्याण और विकास कार्यों में उपयोग हो सकता था, वह सीधे तौर पर अवैध माफिया की जेबों में जा रहा है।

## नवरात्रि विशेष



### नवमीः सिद्धिदात्री

नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्ही के कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रुप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है। तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुओं को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-धान्य की प्रतीक हैं। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है। देवी के दाहिने तरफ के नीचे वाले हाथ में चंद्र, उपर वाले हाथ में गदा और बांई तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और उपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। जगत का कल्याण करने वाली यह देवी नवरात्री की अधिष्ठात्री भी है। सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती हैं। सिद्धिदात्री माता का आराधना का मंत्र है-
सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

## मांग : 6 सूत्रीय मांगों को लेकर उचित मूल्य दुकान संचालकों का आंदोलन

# विक्रेताओं की हड़ताल, आज से 10 दिन बंद रहेगी जिले के राशन दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालक/विक्रेता कल्याण संघ द्वारा अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर आज से हड़ताल पर जाने की तैयारी में हैं। जिससे जिले की सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) 10 अक्टूबर तक ठप रहेगी। जिले की सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर ताले लटक जाएंगे, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के हजारों परिवारों के सामने राशन का संकट खड़ा हो सकता है। व्यवस्था के अचानक चरमरा जाने से हितग्राही परेशान होंगे। जिले में ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में पीडीएस के माध्यम से लाखों लोगों को सस्ता अनाज और अन्य आवश्यक वस्तुएं मिलती हैं।




दुकान संचालकों की हड़ताल के कारण चावल, शक्कर, नमक, चना जैसी मूलभूत खाद्य सामग्री का वितरण पूरी तरह से बाधित होगा जिससे आने वाले दिनों में लोगों को मुसीबतों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में, यदि हड़ताल लंबा खींचता है, तो जिले की राशन व्यवस्था को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, जिससे लाखों परिवारों के लिए राशन का संकट उत्पन्न हो सकता है।

संघ ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। आंदोलन को और तेज करने की तैयारी में संघ ने 5 अक्टूबर को चारामा से रायपुर तक लगभग 125 किलोमीटर की पदयात्रा निकालकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने की भी चेतावनी दी है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक प्रभाव

जिले के दूर-दराज के पिथौरा, बसना, सरायपाली, बागबाहरा और महासमुंद ब्लॉक के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले परिवारों के लिए उचित मूल्य की दुकानें ही राशन का मुख्य स्रोत हैं। इन क्षेत्रों में राशन के लिए लोगों को अब दुकान खुलने का इंतजार करना पड़ेगा, जिससे उनकी दैनिक जीवनचर्या प्रभावित हो सकती है। दिहाड़ी मजदूरी करने वाले और अत्यंत गरीब परिवारों के लिए यह हड़ताल एक बड़ी समस्या साबित हो सकती है, क्योंकि उनके पास राशन खरीदकर रखने की क्षमता सीमित होती है। राशन नहीं मिलने से उन्हें मजबूरन बाजार से महंगे दाम पर अनाज खरीदना पड़ सकता है।

### विक्रेताओं की 6 सूत्रीय मुख्य मांगें

**कमीशन वृद्धिः** एनएफएसए और सीजीएनएफएसए के तहत मिलने वाले खाद्यान्न के कमीशन में राज्यांश वृद्धि करते हुए इसे 300 रुपए प्रति क्विंटल किया जाए।
**मानदेयः** सेवा सहकारी समितियों द्वारा संचालित राशन दुकानों के विक्रेताओं के लिए मासिक मानदेय 30 हजार रुपये का प्रावधान लागू किया जाए।
**हैंडलिंग लॉस प्रतिपूर्तिः** डोर स्टेप डिलीवरी में तौल के कारण होने वाले हैंडलिंग लॉस (झड़त) की भरपाई के लिए 3 प्रतिशत अतिरिक्त खाद्यान्न प्रदान किया जाए।
**वेइंग मशीन स्टेम्पिंगः** वेइंग मशीन की स्टेम्पिंग का कार्य निःशुल्क करवाया जाए, क्योंकि वर्तमान में इसका शुल्क कमीशन से काटा जाता है जो अनुचित है।
**लंबित भुगतानः** वर्ष 2023-24 और 2024-25 की वित्तीय पोषण प्रोत्साहन राशि (150 क्विंटल से कम आबंटन वाली दुकानों हेतु)। 1 अप्रैल 2022 से लागू ई-पॉस मशीन के संचालन हेतु 21 रुपए प्रति क्विंटल की अतिरिक्त मार्जिन राशि। अप्रैल 2022 से कमीशन 70 रुपए से बढ़कर 90 रुपए होने के कारण पिछले 2 साल का 20 रुपए प्रति क्विंटल का अंतर राशि के लंबित भुगतानों को तत्काल प्रदाय किया जाने की मांग की गई है।

# झलप का ढांक टोल प्लाज़ा बना स्थानीय लोगों के लिए मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

■ सर्विस रोड की सफाई नहीं पसरी रहती है गंदगी

झलप के पास स्थित ढांक टोल प्लाज़ा का संचालन कर रही कंपनी पर गंभीर आरोप लग रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि जिस सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) और सुविधाओं का प्रावधान टोल ऑपरेटर को निभाना चाहिए, वह पूरी तरह से नदारद है।

सर्विस रोड की सफाई कभी-कभार होती है, ज्यादातर जगहों पर गंदगी पसरी रहती है। वृक्षारोपण सिर्फ दिखावे के लिए, पौधे लगाने और उनकी देखभाल की कोई व्यवस्था नहीं। स्कूलों को सहयोग शून्य। न तो फर्नीचर, न किताबें, न ही बच्चों के लिए सड़क सुरक्षा अभियान। गेट के पास नालियां खुली पड़ी हैं, जिनसे बदबू आती है। वहीं गेट से होकर स्कूल जाने वाली सड़क पूरी तरह उखड़ चुकी है।

### स्ट्रीट लाइटें सिर्फ दिखावा

सबसे गंभीर हालात स्ट्रीट लाइटों के हैं। टोल कंपनी द्वारा 200 से अधिक स्ट्रीट लाइट लगाने का दावा किया गया है, लेकिन हकीकत यह है कि मुश्किल से 10–20 लाइटें ही कभी जलती हैं। वह भी सुबह होने से पहले ही बंद कर दी जाती हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कंपनी बिजली का खर्च बचाने के लिए लाइटें बंद रखती है, जिससे अंधेरे में हादसों का खतरा बना रहता है।

### स्थानीयों को नहीं मिल रही टोल छूट

नियमों के अनुसार टोल प्लाज़ा से 20 किमी की परिधि में आने वाले निवासियों को स्थानीय पास/छूट मिलनी चाहिए। लेकिन ढाँक टोल प्लाज़ा प्रबंधन स्थानीयों को यह सुविधा देने से इंकार करता है। ग्रामीणों का कहना है कि नालियों से बदबू, टूटी सड़कें और अंधेरे में रहने की मजबूरी साफ दिखाती है कि कंपनी एनएचएआई और सरकार की गाइडलाइन को ठेंगा दिखा रही है।

### प्रशासन से मांग

ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि ढाँक टोल प्लाज़ा के ऑपरेटर पर जांच बैठाई जाए। सभी स्ट्रीट लाइटें नियमित रूप से जलाने की गारंटी हो। सर्विस रोड की मरम्मत और नालियों की सफाई तत्काल की जाए। स्कूलों को सीएसआर के तहत वास्तविक मदद मिले। स्थानीयों को टोल पास में छूट तुरंत लागू हो। यह मुद्दा अब सिर्फ झलप ही नहीं, बल्कि पूरे जिले की आवाज़ बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर हालात नहीं सुधरे तो वे जन आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# अतिक्रमण पर चली नगर पंचायत की जेसीबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)



नगर पंचायत अंतर्गत थाना परिसर के बगल स्थित खसरा नंबर 295/1 की घास भूमि पर गौरी देवी द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण को मंगलवार को प्रशासन द्वारा जेसीबी के माध्यम से अतिक्रमण को पूरी तरह ध्वस्त किया गया।

इस संबंध में नगर पंचायत पिथौरा के पार्षद प्रफुल्ल राजपूत सहित कांग्रेस पार्षद टेकलाल साहू, आशु अग्रवाल, अनामिका शर्मा, रेखा सिन्हा, हेमलता निषाद और सुनीता पांडेय ने एसडीएम पिथौरा को ज्ञापन देकर अतिक्रमण हटाने की मांग की थी। वार्ड क्रमांक 01 के पार्षद प्रफुल्ल राजपूत ने बताया कि उक्त भूमि पर पूर्व में कांजी हाउस निर्मित था और पहले भी पूर्व नपं अध्यक्ष आत्माराम यादव के कार्यकाल में अतिक्रमण को हटाया गया था, लेकिन पुनः कब्जा किया जा रहा था। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नगर पंचायत सीएमओ बिरझू सोनबेर की अगुवाई में नायब तहसीलदार ललित सिंह की मौजूदगी में की गई। इस दौरान भारी पुलिस बल और नगर पंचायत अमला मौके पर मौजूद रहे।

## बाइक पत्थर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त, तीन लोगों की मौत

**महासमुंद।** तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर एक पत्थर से जा टकरा गई, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई। मामला सरायपाली थाना क्षेत्र ग्राम डुडुमचुवा कोसमपाली का है। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है। घटना को लेकर प्रार्थी राजू बरिहा निवासी ग्राम नवागढ थाना सरायपाली ने पुलिस को बताया कि उसका भतीजा संजय बरिहा 28 सितंबर को मोटर सायकल प्लेटिना क्रमांक सीजी 06 पी 9972 में चांदलाल भोई एवं नारायण बरिहा को पीछे बिठा कर नवागढ़ से डुडुमचुंवा सब्जी लेने जा रहा था। शाम करीब 6 बजे डुडुमचुंवा कोसमपाली के बीच मोड़ के पास पहुंचे थे, तभी रोड किनारे पत्थर से मोटर सायकल टकरा गई और घटना में बाइक चालक संजय बरिहा को सिर, चेहरा, घुटने के पास एवं पीछे बैठे चांद लाल भोई के बांये हाथ, बांयें पैर, सिर में तथा नारायण बरिहा को बांये हाथ भुजा, कमर में चोट लगी थी, जिन्हें 112 वाहन से शासकीय अस्पताल सरायपाली लाया गया था। जहां डॉक्टर ने संजय बरिहा, चांदलाल भोई एवं नारायण बरिहा को काफी गंभीर चोट लगने के कारण चेकअप करने के बाद मृत घोषित कर दिया। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

# मजदूरों पर जानलेवा हमला और गाली-गलौज, दो लोगों पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

जिले के बसना थाना अंतर्गत भंवरपुर चौकी क्षेत्र में देर रात मजदूरों पर जानलेवा हमला करने और अभद्रता का एक गंभीर मामला सामने आया है। बीती रात 27 सितंबर 2025 को ग्राम डोंगरीपाली के रहने वाले दो मजदूरों को उस समय मारपीट और धमकी का शिकार होना पड़ा, जब वे रामभाटा से ढालम लौट रहे थे। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो आरोपियों संजय पटेल और अमन पटेल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की गंभीर धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

### क्या है पूरा मामला?

शिकायतकर्ता ऋषिकेश यादव (31 वर्ष, डोंगरीपाली निवासी) ने बसना थाना में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि वे मजदूरी का काम करते हैं। घटना दिनांक 27.09.2025 को रात लगभग 9 बजे के आसपास की है। ऋषिकेश अपने मोटर साइकिल से अपने साथी साला रामाकांत यादव के साथ राममाटा दुर्गा दर्शन करके वापस आ रहे थे। जब वे रामभाटा से लगभग 10 बजे डोंगरीपाली आ रहे थे, तभी ग्राम ढालम के बड़खामुड़ा तालाब के पास कुछ लोग शराब पीकर हंगामा और गाली-गलौज कर रहे थे। ऋषिकेश और उनके साथी जब वहाँ रुके, तो उन्होंने देखा कि हंगामा करने वाले संजय पटेल और उनके साथी अमन पटेल थे, जो डोंगरीपाली के नहीं थे।

ऋषिकेश के अनुसार, जब उन्होंने इन लोगों को नहीं पहचाना, तो आरोपियों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने ऋषिकेश को हुलिया-गुलिया (गाली-गलौज) करते हुए माँ-बहन की भद्दी-गंदी गालियां दी। इसके बाद, उन्होंने चोट पहुंचाने और जान से मारने की धमकी दी। हमले के दौरान, एक आरोपी ने ऋषिकेश को मुक्का और थप्पड़ मारा, जिससे उनकी बायीं आँख के किनारे चोट आई और दर्द होने लगा। इसी बीच, ऋषिकेश के साला रामाकांत यादव ने बीच-बचाव किया, जिससे उनकी जान बच सकी। घटना की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद, पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई की है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115(2), 351(2), और 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

## खबर संक्षेप

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** तिलकपुर जाने के रास्ते में एक पुलिया के पास बसना पुलिस ने एक आरोपी के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर पवन कुमार चौहान पिता हीरालाल चौहान (28 साल) तिलकपुर के कब्जे से करीबन 15 लीटर हाथ भट्ठी देशी महुआ शराब कीमत 3000 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### महिला और बच्चे के साथ मारपीट

**महासमुंद।** महिला और बच्चे के साथ मारपीट करने के मामले में बसना थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को शाहीन खान निवासी पिरदा ने बताया कि 29 सितंबर को उसने अपने पति गुलाब नबी खान से बच्चों की स्कूल फीस जमा करने के लिए एवं राशन सामान लाने के लिए कहा, लेकिन उसके पति ने उक्त काम करने से मना करते हुए गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए उसके पुत्र साहिल खान को स्टील गिलास में फेंक कर मारा।

## राज्य शासन ने कलेक्टर से मांगी रिपोर्ट, विधायक ने सीएम से की थी मांग

# अब सरायपाली को जिला बनाने की प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

■ छग शासन से सरायपालर को जिला घोषित करने की प्रक्रिया शुरू की

वर्षों से सरायपाली क्षेत्र की जनता जिस मांग को लेकर संघर्ष कर रही थी, वह अब पूरी होने की ओर बढ़ रही है। छत्तीसगढ़ शासन ने सरायपाली को जिला घोषित करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। विधायक चातुरी नंद की मांग के बाद मुख्यमंत्री सचिवालय ने कार्रवाई शुरू कर दी है। सीएम सचिवालय के पत्र के बाद राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, नवा रायपुर अटल नगर ने आदेश जारी करते हुए कलेक्टर महासमुंद को निर्देशित किया है कि सरायपाली को जिला बनाने के लिए विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर शासन को भेजा जाए। विधायक चातुरी नंद ने इस संबंध में मीडिया को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि यह सरायपाली की जनता के लिए ऐतिहासिक क्षण है। क्षेत्र की जनता पिछले कई वर्षों से जिला बनाने की मांग कर रही थी। मैंने विधानसभा में




मुख्यमंत्री से मुलाकात कर और पत्राचार के माध्यम से लगातार इस विषय को उठाया। सरायपाली भौगोलिक, प्रशासनिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से जिला बनने योग्य है। विधायक चातुरी नंद ने कहा कि जिला बनने से यहां की जनता को छोटी-छोटी प्रशासनिक सेवाओं के लिए महासमुंद नहीं जाना पड़ेगा। राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा, पुलिस और अन्य विभागों की सेवाएं लोगों को घर के पास ही उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि सरायपाली को जिला बनाने की दिशा में उठाया गया यह कदम आने वाले वर्षों में क्षेत्र के विकास की रफ्तार को दोगुना करेगा। यह पहल इतिहास में मील का पत्थर साबित होगी।

सरायपाली विधायक नंद ने यह भी कहा कि यह अभी शुरुआत है, हम जिला बनने तक क्रमबद्ध तरीके से आंदोलन करते रहेंगे। जिला बनने की लड़ाई हम सदन से सड़क तक लड़ते रहेंगे। विदित हो कि 11 अगस्त 2025 को विधायक चातुरी डिगीलाल नंद ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर सरायपाली को जिला घोषित करने का अनुरोध किया था। विधायक चातुरी नंद के पत्र पर मुख्यमंत्री सचिवालय ने संज्ञान लेते हुए राजस्व विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद विभाग ने औपचारिक पत्र जारी कर कलेक्टर महासमुंद से प्रतिवेदन मांगा है।

### क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल

सरायपाली को जिला बनाए जाने की प्रक्रिया शुरू होने की खबर मिलते ही क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है। सरायपाली के पूर्व पार्षद एवं व्यापारी सुरेश भोई ने कहा कि यह क्षेत्र की दशकों पुरानी मांग थी, जिसके पूरा होने से विकास का नया दौर शुरू होगा। साथ ही केंदुआ निवासी तेजराम पटेल ने कहा कि सरायपाली को जिला बनाने की मांग वर्षों पुरानी है, विधायक की पहल से जिला बनाने की प्रक्रिया शुरू हुई है, जो कि एक अच्छी शुरुआत है। जिला बनने से फुलझर अंचल को नई पहचान मिलेगी।

### शासन ने मांगी यह जानकारी

सरायपाली को जिला बनाने के लिए शासन ने कलेक्टर महासमुंद से निम्नलिखित बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करने को कहा है। भौगोलिक स्थिति, जनसंख्या, प्रशासनिक संरचना (तहसीलें, उपतहसीलें), प्रस्तावित जिले में सम्मिलित होने वाली तहसीलों की सूची, मानचित्र नए जिले की परिभाषित सीमा व क्षेत्र, अन्य सामाजिक, सांस्कृतिक व प्रशासनिक दृष्टिकोण से आवश्यक विवरण।

### क्यों जरूरी है सरायपाली जिला

सरायपाली क्षेत्र का क्षेत्रफल व जनसंख्या काफी अधिक है। वर्तमान में लोगों को छोटी-छोटी प्रशासनिक सेवाओं के लिए महासमुंद तक जाना पड़ता है। जिला बनने से आम जनता को प्रशासनिक कार्यों में सहूलियत मिलेगी। साथ ही योजनाओं और विकास कार्यों की गति तेज होगी। इसके अलावा सांस्कृतिक व भौगोलिक रूप से अलग पहचान को मजबूती मिलेगी।



## राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर डीजल चोरी, 700 लीटर डीजल उड़ाया

**झलप।** राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर झलप में कल रात अज्ञात चोरों ने तीन खड़े ट्रकों से करीब 700 लीटर डीजल चुरा लिया। घटना बस स्टैंड से कुछ ही दूरी पर सर्विस रोड की है, जहां ट्रक ड्राइवर अपने वाहन खड़ा कर सोए हुए थे। आश्चर्य की बात यह है कि चोरी की यह वारदात बस स्टैंड के नजदीक हुई, जहां 112 वाहन तैनात रहता है। जानकारी के मुताबिक, देर रात चोरों ने ट्रकों के टैंक का डीजल खाली कर लिया। सुबह जब चालक जागे तो घटना का खुलासा हुआ। पीड़ित चालकों ने बताया कि करीब 700 लीटर डीजल चोरी हुआ है, जिसकी कीमत लाखों में है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पूर्ववर्ती शासनकाल में चोरी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पटेवा पुलिस ने विशेष व्यवस्था की थी। उस दौरान पुलिस गश्त व हाइवे पेट्रोलिंग दल रात में दो-दो बार पूरे इलाके में निगरानी करते थे। मगर वर्तमान में ऐसी कोई सक्रियता दिखाई नहीं दे रही, जिसका फायदा अपराधियों ने उठाया। लोगों ने प्रशासन से इलाके में रात की गश्त बढ़ाने और चोरों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।

**खबर संक्षेप**

### साहू समाज शेर परिक्षेत्र के अध्यक्ष बने हरेंद्र



**महासमुंद।** शेर परिक्षेत्र साहू समाज का कार्यकारिणी का चुनाव महासमुंद कर्म सदन में हुआ। हरेंद्र साहू शेर परिक्षेत्र के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष केतन साहू, उपाध्यक्ष महिला चुनेश्वरी साहू, संगठन सचिव मोती साहू, संगठन सचिव महिला सुशीला साहू निर्वाचित हुए।

### गांधी जयंती पर शुष्क दिवस घोषित

**महासमुंद।** राज्य शासन द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए गुरुवार 02 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जिसके फलस्वरूप कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने उक्त शुष्क दिवस में जिले की समस्त देशी, विदेशी, कम्पोजिट, प्रीमियम मदिरा की फुटकर दुकानों, एफ.एल. 3 सपना बार एंड रेस्टोरेंट तथा मद्य भंडागार पूर्णतः बंद रखने आदेशित किया है। उक्त दिवस में मदिरा का संपूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

# राहुल गांधी के सीने पर गोली मारने की धमकी, कांग्रेसियों ने कराई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- केरला बीजेपी प्रवक्ता पिंटू अमित महादेव के खिलाफ दर्ज कराई गई एफआईआर



जिले में कांग्रेसजनों ने गहरी चिंता और आक्रोश व्यक्त किया, जब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं सांसद राहुल गांधी को छाती में गोली मारने की धमकी देने की घटना सामने आई। यह कृत्य न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा प्रहार है, बल्कि देश की संवैधानिक व्यवस्था और कानून व्यवस्था को खुली चुनौती भी है।

जिले के कांग्रेस नेताओं ने इस गंभीर प्रकरण को लेकर संबंधित थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा तथा प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। कांग्रेसजनों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि धमकी देने वाले शख्स के खिलाफ कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाए। यह जानकारी विभिन्न अखबारों एवं न्यूज़ चैनलों के माध्यम से प्राप्त हुई है, केरला बीजेपी प्रवक्ता पिंटू अमित महादेव के ऊपर सख्त से सख्त कार्यवाही करते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई।

जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद के जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, आलोक चंद्राकर संयुक्त सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी, खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष, ढेलू निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, खिलावन साहू ग्रामीण अध्यक्ष, निखिलकांत साहू अध्यक्ष नगर पालिका, अमन चंद्राकर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष, प्रदीप चंद्राकर महामंत्री, गौरव चंद्राकर महामंत्री, मनोज कांत साहू पूर्व उपाध्यक्ष नपा, वरिष्ठ कांग्रेसी राजेंद्र चंद्राकर, गुरमीत चावला महामंत्री, पार्षद मुस्ताक खान, आरिन चंद्राकर पूर्व जनपद सदस्य, वीरेंद्र चंद्राकर, भारत ठाकुर अधिवक्ता, तबरेज खान, सोनम रामटेके, ममता चंद्राकर, नितेंद्र बैनर्जी जिला अध्यक्ष सेवादल, पूर्व एल्डरमैन जावेद चौहान, प्रकाश अजमानी, टोमन सिंग कागजी, सुरेंद्र ठाकुर, डॉ.बलवंत साहू, अनुराग चंद्राकर, आकाश निषाद, मनोहर ठाकुर, प्रकाश अजमानी, विनोद युगर, संतोष धीवर, मानिक साहू, सागर डोंगरे, तुलसी देवदास, भानू सोनी एवं अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे और एकजुटता के साथ राहुल गांधी की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई।



### दुर्गा पंडाल में पहुंचकर की सुख समृद्धि की कामना

**झलप।** ग्राम पंचायत पचरी के वार्ड नंबर 4 (साहू पारा दुर्गा समिति) दुर्गा पंडाल में पहुंचकर ग्राम पंचायत पचरी के सरपंच सरिता चूड़ामणि डडसेना और पंच प्रतिनिधि होमश्वर साहू, ईश्वर साहू, जय प्रकाश साहू, मोती साहू, दुलेश्वरी साहू ने पूजा अर्चना कर गांव के सुख समृद्धि की कामना की। अपने उद्बोधन में कहा कि पौराणिक कथा के अनुसार मां काली प्राकट्य असुरों के संहार के लिए हुआ था। जब रक्तबीज नाम का असुर अपनी रक्त की प्रत्येक बूंद से नए असुर पैदा करता था, तो अन्य देवता उसे रोकने में असफल रहे। तब माता दुर्गा के शरीर से मां काली प्रकट हुईं, और रक्तबीज का संहार किया। युद्ध के बाद भी जब उनका क्रोध शांत नहीं हुआ, तो भगवान शिव स्वयं उनके चरणों में लेट गए, और जब मां काली ने शिव के ऊपर पैर रखा, तो उन्हें अपनी गलती का एहसास हुआ, जिससे उनका क्रोध शांत हो गया और उनकी जीभ बाहर निकल आई।

## पत्रकार कल्याण महासंघ का नवरात्रि मिलन व सम्मान समारोह हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में नगर के प्रसिद्ध राम जानकी मंदिर परिसर में नवरात्रि मिलन एवं पत्रकार सम्मान समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। जिसमें नगर सहित आसपास क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पत्रकारगण, बुद्धिजीवी एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। समारोह की अध्यक्षता महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सेवक दास दीवान ने की। उन्होंने कहा कि "पत्रकार समाज का दर्पण होते हैं। वे न केवल सूचनाओं का संचार करते हैं, बल्कि समाज को दिशा देने का कार्य भी करते हैं। पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा करना संगठन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।" उन्होंने आगे कहा कि पत्रकारिता आज अनेक चुनौतियों के बीच कार्य कर रही है, ऐसे में संगठनात्मक एकजुटता और पारस्परिक सहयोग ही हमारी शक्ति है।

समारोह में मंचासीन अतिथियों में श्रीराम जानकी मंदिर के कार्यकारिणी अध्यक्ष रमेश अग्रवाल, महासंघ के प्रदेश सचिव ऋषिकेशन दास, जिला महासचिव अभय धृतलहरे, जिला उपाध्यक्ष इब्राहिम कादरी, बसना ब्लॉक अध्यक्ष अरुण साहू, ब्लॉक अध्यक्ष देशराज दास, ब्लॉक सचिव बसंत लाल साहू, मीडिया प्रभारी दीपक जगत, कोषाध्यक्ष कुंज राम यादव, वरिष्ठ साथी प्रेम सिंह पोर्ते, हेमंत टांडी, ब्लॉक उपाध्यक्ष गोवर्धन नंदे, जीत यादव, फिरोज खान एवं हेमसागर साव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। समारोह में अनेक वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए यह भी कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारों को कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में संगठन की मजबूती और परस्पर सहयोग ही उन्हें इन चुनौतियों से पार ले जा सकता है।

कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन आरके दास करते हुए महासंघ के जिला पदाधिकारियों ने सभी उपस्थित पत्रकार साथियों, आमंत्रित अतिथियों एवं श्रीराम जानकी मंदिर परिवार का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में पत्रकार कल्याण महासंघ बसना और आसपास क्षेत्र के पत्रकारों के लिए एक मजबूत स्तंभ बनेगा।

## सिंघोड़ा माता मंदिर में स्वच्छता, स्वास्थ्य व बाल मनोरंजन शिविर का आयोजन

**सरायपाली/बसना।** बीएससीपीएल आरंग टोलवे लिमिटेड द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सिंघोड़ा माता मंदिर में स्वच्छता, स्वास्थ्य और बाल-मनोरंजन शिविर का आयोजन रखा गया था। इस शिविर में स्वच्छता अभियान, निशुल्क स्वास्थ्य जांच और बच्चों के लिए विशेष व्यवस्था रखी गई थी। इस पूरे जनसेवा कार्यक्रम को आरंग टोलवे लिमिटेड के इंसिडेंट मैनेजर पवन प्रशांत सिंह के कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संचालित किया गया। शिविर की सम्पूर्ण व्यवस्था और निष्पादन का कार्य नवीन सैनी द्वारा किया गया।




सेवा के तीन आयाम स्वच्छता, स्वास्थ्य और बाल-मनोरंजन था। टीम के सदस्यों ने कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर की। इसके बाद निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर शुरू हुआ। जिसमें लोगों विभिन्न बीमारियों की जांच की गई। बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में बीपी (रक्तचाप) और शुगर (रक्त शर्करा) की निःशुल्क जांच की गई। लोगों ने अपनी दैनिक स्वास्थ्य समस्याओं पर विशेषज्ञों से परामर्श लिया और जरूरी स्वास्थ्य सलाह प्राप्त की। श्रद्धालुओं ने बताया कि यह शिविर उनके लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ।

### बच्चों के लिए चॉकलेट वितरण

माता-पिता के चेकअप करवाते समय बच्चों का मन लगा रहे, इसके लिए एक विशेष पहल की गई। बच्चों को मंदिर दर्शन के दौरान चॉकलेट वितरित किए गए। बच्चों के चेहरे पर आई यह मुस्कान, शिविर का एक यादगार पल था। इस बाल-मनोरंजन व्यवस्था के लिए जी 9 कंपनी का विशेष सौजन्य रहा। इस आयोजन में तीन प्रमुख टीमों ने योगदान दिया।हाईवे पेट्रोलिंग टीम की तरफ से आपातकालीन पैरामेडिक अश्वनी मिश्रा और उनकी टीम ने अपनी सेवाएं दीं।. नवजीवन हॉस्पिटल की टीम से हीरालाल पटेल,रुखसाना और सत्यवती निषाद ने लगन से लोगों का स्वास्थ्य चेकअप किया। हाईवे पेट्रोलिंग टीम से पीआरओ जाधव प्रधान और उनकी टीम ने व्यवस्था बनाने और लोगों को सही दिशा-निर्देश देने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। बीएस आरंग टोलवे लिमिटेड, और नवजीवन हॉस्पिटल का यह संयुक्त प्रयास, समाज सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## जटाकन्हार में पोषण माह पर विशेष कार्यक्रम आंगनबाड़ी केंद्र में दिया गया शिक्षा किट

**सरायपाली।** विकासखंड के जटाकन्हार स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में राष्ट्रीय पोषण माह पर विशेष कार्यक्रम हुआ। महिला बाल विकास द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पोषण पर चर्चा-परिचर्चा और पोषण किट द्वारा गोद भराई व अन्नप्राशन की रस्म हुआ। कार्यक्रम में कुमारी भास्कर सभापति जिला पंचायत, उषा पटेल सभापति महिला बाल विकास, उद्धव नंद सभापति जनपद पंचायत मौजूद रहे। श्रीमती भास्कर ने गर्भवती और धात्री महिलाओं को संतुलित आहार व स्वस्थ जीवन शैली के लिए कहा। उन्होंने गर्भावस्था और प्रसव के बाद हरी सब्जियों, दाल, फल और दूध जैसे पौष्टिक आहार के सेवन पर जोर दिया। उद्धव नंद ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से समुदाय में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ती है, जिससे एक स्वस्थ और सक्षम समाज का निर्माण होता है। रामसिंग मिरी परियोजना अधिकारी ने पोषण माह 2025 की थीम पर आयोजित कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया।



पोषण ट्रैकर ऐपः पोषण का डिजिटलीकरण महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 1 मार्च 2021 को लॉन्च किया गया, पोषण ट्रैकर एक मोबाइल एप्लीकेशन है, जिसे पोषण अभियान के तहत पोषण सेवा वितरण को बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह बच्चों में बौनेपन, कमज़ोरी और कम वज़न की व्यापकता की वास्तविक समय में पहचान और निगरानी को सक्षम बनाता है, साथ ही कुशल सेवा वितरण उपकरणों और प्रदर्शन ट्रैकिंग के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की मदद करता है। यह ऐप अहम और लाभार्थी-केंद्रित सेवाएं प्रदान करता है और बेहतर नतीज़ों के लिए वास्तविक समय डेटा विश्लेषण को बढ़ावा देता है। दीक्षा बारीक प्रशासनिक अधिकारी महिला बाल विकास सरायपाली द्वारा विस्तार से महिला बाल विकास की योजनाओं को कार्यक्रम में बताया गया।

### अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर विविध कार्यक्रम आज

**महासमुंद।** समाज कल्याण विभाग द्वारा रजत जयंती महोत्सव एवं सेवा पखवाड़ा 2025 अंतर्गत 02 अक्टूबर तक विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 01 अक्टूबर 2025 को अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन, बागबाहरा रोड में किया जाएगा। जिसमें वृद्धजनों के लिए विभिन्न कार्यक्रम जैसे खेल-कूद गतिविधि, सांस्कृतिक गतिविधि एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में 60 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजनों का कुर्सी दौड़, मटकी फोड़, जलेबी दौड़, गुब्बारा फोड़, गिल्ली डण्डा आदि खेल गतिविधियां एवं गीत गायन समूह नृत्य, सुवा-नृत्य, पंथी नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम पश्चात विजयी प्रतिभागी एवं वृद्धजनों को पुरस्कार प्रदान किया जावेगा। साथ ही 60 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्ध नागरिकों के लिए आवश्यकता अनुसार विभिन्न सहायक उपकरण व्हीलचेयर, बैसाखी, ट्रायसायकल, छड़ी, श्रवण यंत्र आदि का वितरण भी किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले समस्त वृद्धजनों को शाल फल से सम्मानित किया जाएगा। उप संचालक समाज कल्याण संगीता सिंह ने जिले के समस्त वृद्धजनों को अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर सहायक उपकरण प्राप्त करने हेतु अपील की है।

---------

# महासमुंद में 80 से अधिक वर्षों से आयोजित किया जा रहा रास गरबा

## नवरात्र पर्व पर नगर के चाचर चोक में तीन ताली, चौकड़ी, पांचेया, छकड़ी, सनेडो डांडिया गरबा नृत्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नवरात्रि पर्व में मां अंबे की आराधना करते हुए समाजजन रास गरबा के माध्यम से झूम उठते हैं। अनेक समुदाय के लोग अपने-अपने तरीके से उत्साहपूर्वक मनाते हैं। महासमुंद में देश की आजादी के पूर्व से गुजराती समाज में गरबा लगभग 80 वर्षों से अधिक समय से आयोजित किया जा रहा है, तब यह रास नगाड़े की ताल पर गरबा गाते हुए खेला जाता था। गुजराती समाज के बच्चे युवा, बूढ़े, महिला एवं पुरूषों के द्वारा प्रत्येक संध्या से लेकर देर रात तक रास गरबा करते हैं। समाज के बच्चे, युवक-युवती एवं महिलाएं पुरूष पारंपरिक पोषाक चड़िया चोली और पुरूष वर्ग कुर्ता पैजामा पहनकर डांडिया रास गरबा करते हैं। स्टेशन पारा स्थित गुजराती समाज का देव स्थल में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुजराती समाज द्वारा नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है।

यहां मां की आराधना रास गरबा के माध्यम से की जा रही है। इसके लिए बड़े मैदान के मध्य चाचर चोक में माता की प्रतिमा रख गरबा रखा जाता है। इस गरबे के चारों ओर गुजराती समाज के लोगों द्वारा रास गरबा विभिन्न प्रकार में किए जाते हैं जो कि प्रमुख रूप से तीन ताली, चौकड़ी, पांचेया, छकड़ी, सनेडो डांडिया रास किया जाता है। यह रास गरबा देर रात तक चलता है पश्चात



आरती से रास का समापन किया जाता है। यह नवरात्रि पर्व हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसमें गुजराती समाज के लोग बड़ी संख्या में हिस्सा ले रहे हैं। हवन अनुष्ठान तथा नवरात्रि के अंतिम दिन भव्य रास गरबा का भी आयोजन किया जाएगा।

### बरसते पानी में गरबा की भक्ति

घुमतो-घुमतो जाए आज मां नो गरबो घूमतो जाए, बता दें चाचर चोक में गरबे पर ज्योत प्रज्वलित कर उसके चारों तरफ घेरा बनाकर मां की आराधना करते हुए रास गरबा किया जाता है। इस वर्ष ऐसा भी पल आया कि भक्तों ने बरसते हुए पानी में रास गरबा करते हुए मां की आराधना की। बता दें कि गुजराती समाज नवरात्रि में रास गरबा किए बिना एक दिन भी नहीं रहता, चाहे वह बारिश ही क्यों ना हो, इसी बारिश की बूंद में मां की आराधना करते हुए रास गरबा किया गया, जो कि अद्भुत पल था।

### रास गरबा प्रतियोगिता

समाज द्वारा प्रत्येक दिन रास गरबा को मनोरंजक बनाने के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें बच्चो पुरूष वर्ग एंव लड़कियों-महिलाओं के डाडिया रास गरबा प्रतियोगिता बेस्ट कपल, बेस्ट फैमिली, बेस्ट पिता बच्चों की जोड़ी, बच्चों के लिए प्रथम श्रेणी में 7 वर्ष के बच्चों के लिए व द्वितीय श्रेणी में 15 वर्ष तक के बच्चों के लिए, स्टैमिना रास डांडिया प्रतियोगिता पुरुष वर्ग, महिला वर्ग के लिए बेस्ट डांडिया प्लेयर ऑफ द ईयर पुरुष वर्ग एवं महिला वर्ग के लिए व आरती थाल सजावट प्रतियोगिता के आयोजन में प्रतिभागी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। साथ ही इस साल डांडिया रास के दौरान अलग-अलग रंगीन चस्मे, लाल रंग के कपड़े, रंगीन छाता के साथ रास गरबा आकर्षण का केंद्र है।



### नपाध्यक्ष ने किया पीसीसी चीफ का स्वागत

**महासमुंद।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का आगमन महासमुंद हुआ। इस दौरान नगर पालिका कार्यालय में अध्यक्ष निखिलकांत साहू सहित पार्षदों ने पीसीसी चीफ का स्वागत किया। नपाध्यक्ष साहू ने प्रदेशाध्यक्ष को पालिका क्षेत्र में कराए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, जितेंद्र ध्रुव, ईश्वरी भोई, जय देवांगन, पार्षद नीरज चंद्राकर, मुस्ताक खान, सौरभ लोधी, शाहबाज राजवानी, शुभम चंद्राकर, अब्दुल सूफियान, सलीम खान, फलेश साहू, जीत चंद्राकर, वैभव साहू आदि उपस्थित थे।



### अरंड में गोंड़ समाज ने मनाया नवाखाई का पर्व

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अरंड में 29 सितंबर को ध्रुव गोड़ समाज ने नवाखाई त्योहार धूमधाम से मनाया। यहां आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज के करीब 55 परिवार निवासरत है। सभी अपने-अपने घरों में ईष्ट देव की पूजा अर्चना की। बाद समाज के लोगों एकत्रित होकर ईष्ट बड़ा देव भगवान की पूजा अर्चना कर प्रसाद अर्पित किया। बाद नए अन्न का प्रसाद ग्रहण किया। पश्चात एक-दूसरे नवखाई की बधाई दी गई। इस दौरान समाज के मुखिया अध्यक्ष अनूप कुमार पोडिटी, शिवचरण ध्रुव, रामकुमार ध्रुव, शोभाराम ध्रुव, नरसिंह ध्रुव, रेवाराम ध्रुव, रुक्मिणी बाई ध्रुव, सुखदेव ध्रुव, अजय मुकेश ध्रुव, टिकेश्वर ध्रुव, मिलो बाई ध्रुव, सेत बाई ध्रुव, दुकालहीन बाई ध्रुव, दिव्या ध्रुव, लता ध्रुव, विनय ध्रुव समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।



### नांदगांव में मधु-कैटभ वध की झांकी

**महासमुंद।** मां खल्लारी एवं नवदुर्गा समिति नांदगांव द्वारा सोमवार को दुर्गा सप्तमी पर मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना की गई। शारदीय नवरात्र की छटा से पूरा नांदगांव आस्था और भक्ति में सराबोर है। सप्तमी पर गुड्डी चौक पर जय मां शीतला जस झांकी परिवार गाड़ाघाट तुमगांव द्वारा मां जगदंबा दुर्गा देवी द्वारा मधु कैटभ वध और मां कालिका ने रक्त बीज का वध की झांकी दिखाई गई। इस अवसर पर रात पर ग्रामीणों ने झांकी का आनंद उठाया। कार्यक्रम में योगेश पप्पू पटेल, रामकुमार पटेल, गजेंद्र पटेल, दसरू पटेल, बिहारी पटेल, लक्ष्मीनाथ पटेल, यादराम पटेल, हरीराम पटेल, दीनू पटेल, दर्मेंद्र पटेल, अनूप पटेल, सुमन, भेख लाल, मनहरण, पोखन, पुरानिक पटेल, तिलक धीवर, नाथूराम धीवर, उदय धीवर आदि मौजूद रहे।

### खैरा के कंडरा पारा दुर्गा पंडाल लगा छप्पन भोग

**महासमुंद।** ग्राम खैरा के नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति कंडरापारा द्वारा शारदीय नवरात्रि पर्व पर 56 भोग प्रसाद अर्पित किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। अष्टमी के दिन भंडारा का आयोजन किया जाएगा। समिति के वरिष्ठ सदस्य आसाराम साहू ने बताया कि 56 भोग का प्रसाद चढ़ाने का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व हैं। क्योंकि, यह भगवान कृष्ण के प्रति भक्तों की श्रद्धा, प्रेम और कृतज्ञता व्यक्त करने का एक तरीका है। यह प्रथा कृष्ण जन्माष्टमी जैसे त्योहारों पर की जाती हैं और यह समृद्धि, प्रचुरता और दिव्य कृपा का प्रतीक है। इसके पीछे की कहानी यह है कि भगवान कृष्ण ने इंद्र के प्रकोप से ब्रजवासियों की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत को सात दिनों तक अपनी उंगली पर उठाया था, और उन सात दिनों में जब कृष्ण को भूख लगी थी, तब ब्रजवासियों ने उन्हें 56 प्रकार के व्यंजन अर्पित किए थे। इसी के बाद से 56 भोग की परंपरा शुरू हुई। इस मौके पर समिति की सभी सदस्यगण आशाराम साहू, पूरन साहू, अमित साहू, महेंद्र साहू, पप्पू साहू, चालेश साहू, राहुल साहू, लेख राम साहू, टीकम साहू, लोमश साहू, विमल साहू, जगमोहन सेन, जितेंद्र सेन, कमल साहू, मोहन साहू, डिब्बू साहू, कुलेश्वर साहू, मनीष वैष्णव, भूपेंद्र कन्नौजे, ढेलू राम कन्नौजे, गजेंद्र कन्नौजे, मनोज कन्नौजे, राजकुमार बांसवार, राजेंद्र बांसवार, राजू बांसवार, दुर्गेश बांसवार, हरि बांसवार, राकेश बांसवार, जितेंद्र बांसवार, गोविंदा बांसवार, लल्लू बांसवार, किसलू विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी कृष्ण कुमार साहू ने दी है।





### फेडरेशन के ब्लॉक अध्यक्ष बने गणेश

**सरायपाली।** छत्तीसगढ़ सहायक समग्र शिक्षक फेडरेशन का विकासखंड स्तर पर अध्यक्षों का निर्वाचन के तारतम्य में सरायपाली ब्लॉक में भी ब्लॉक अध्यक्ष का मनोनयन किया गया। जिला निर्वाचन समिति द्वारा जैसे ही ब्लॉक अध्यक्षों का निर्वाचन का सूचना प्रकाशित किया गया था, उसी कड़ी में सरायपाली ब्लॉक कार्यकारिणी द्वारा ब्लॉक के समस्त सहायक शिक्षकों का बैठक आयोजित गया था। जिसमें से 3 नाम अध्यक्ष के पद के हेतु प्रस्तावित हुए गणेश चौहान, रोशन भोई, अंगद बारीक पर तीनों द्वारा सहमति न बन पाने पर अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों के सहमति से चिट निकाला गया। जिसमें गणेश चौहान का नाम निकला। जिससे विकासखंड के उपस्थित फेडरेशन के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से सहमति प्रदान किया। बैठक को राजाराम पटेल प्रदेश प्रवक्ता, राजेश प्रधान प्रदेश महामंत्री एवं मनोज राय पूर्व ब्लॉक ने भी संबोधित कर नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष को शुभकामनाएं दी गई। चुनाव के तिथि में औपचारिक रूप से नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए निर्वाचन अधिकारी प्रदीप पटेल द्वारा नामांकन पश्चात नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष को निर्विरोध निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष गणेश चौहान ने कहा कि यह जीत आप सबकी और संगठन की जीत है, मैं आशा और विश्वास दिलाता हूं कि आप सबके विश्वास पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा और शिक्षकों की छोटी - बड़ी समस्याओं को जवादरी के साथ दूर करने की कोशिश करूंगा। इस संपूर्ण प्रक्रिया के अवसर पर निरुपमा, सिविल्या बाग, उपेंद्र साहू, अंगद बारीक, भूपेंद्र नेताम, रोशन भोई,केशव साहू, सुशांत राणा, मनबोध विशाल, अशोक मांझी, कमलेश निराला, कन्हैयालाल परेश्वर, हेमंत जगत, बिसिकेशन साहू, जितेंद्र साहू, खिरोद्र साहू, राजकुमार सिंह, ब्रजकिशोर प्रेमी, रामप्रसाद सिदार आदि उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी केंद्र में कन्या भोज का आयोजन, बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य और पोषण की दी गई जानकारी

**महासमुंद।** राष्ट्रीय पोषण माह एवं बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत शारदेय नवरात्रि पर कन्याओं का सम्मान और उनके बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण के लिए आज महासमुंद के शहरी सेक्टर के विश्वकर्मा नगर 01 सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र दलदली रोड में बच्चों का पूजन कर उन्हें कन्या भोज कराया गया। बालिकाओं के बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए बच्चों को भोजन कराया गया। जिसमें चावल-दाल, पूड़ी, मौसमी फल एवं अन्य पौष्टिक चीजों से बनी खीर, प्रसाद आदि शामिल है। शहरी परियोजना के सेक्टर पर्यवेक्षक शीला प्रधान ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण पर विशेष ध्यान दिया जाता है, नवरात्रि के शुभ अवसर पर यह आयोजन किया गया।

## खबर संक्षेप



### चिरायु लाभान्वित बच्चों का किया गया सम्मान

**सरायपाली।** स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान एक भारत सरकार की पहल है, जिसे महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से 17 सितंबर 2005 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया। इसका उद्देश्य महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण में सुधार करना है। इसी तारतम्य में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई नागेश्वर राव के निर्देशन एवं डॉ कुणाल नायक बीएमओ सरायपाली के मार्गदर्शन में चिरायु दल सरायपाली द्वारा विभिन्न स्कूलों में जाकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनको पोषण संबंधी जानकारी एनीमिया से बचाव जंक फूड से दूर रहने, बालिकाओं को माहवारी संबंधी स्वच्छता आदि के बारे में तथा बालकों को नशामुक्ति के बारे में जानकारी दी गई। चिरायु से लाभान्वित बच्चे जिनके हृदय रोग का उपचार चिरायु दल द्वारा किया गया, उन बच्चियों को प्रोत्साहन करने के लिए उनसे गृह भेंट कर उनको उपहार भी दिए गए। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत चिरायु दल सभी स्कूलों एवं आंगनबाड़ियों में जाकर बच्चों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचा रहे हैं। कार्यक्रम में डॉ. अनूपा दास डॉ. राजेश सिंह, डॉ. जनक जेरी, डॉ. जय दुत्तकामणी, भीष्मप्रताप राणा, परमेश्वर सेन, उसत पटेल एवं सुनीता साव का विशेष योगदान रहा।

### झलप में प्रबुद्धजनों का किया गया सम्मान

**झलप।** भाजपा झलप मंडल में आत्मनिर्भर भारत, जीएसटी रिफार्म एवं प्रबुद्धजन का सम्मान मंडल स्तर के कार्यशाला में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अल्का चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष चंद्रहास गोलू चंद्राकर, जिला मंत्री धरम साहू, पूर्व जिला उपाध्यक्ष ललिता अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष धरम पटेल, वरिष्ठ नेता रूपलाल पटेल, महामंत्री राकेश साहू, महामंत्री कमल कौशिक, आईटी सेल सदस्य खेमराज बघेल, उपाध्यक्ष डोमन यादव, भाजपा नेत्री भारती साहू, भाजपा नेता महेंद्र ध्रुव, मंत्री पोतदार सोनवानी, मंत्री कृपा सेन, विधायक प्रतिनिधि बलि राम चौधरी, भाजपा नेता भूपेंद्र चंद्राकर, संयोजक चैतराम पटेल, बूथ अध्यक्ष संतोष पंडा, सरपंच गैंद राम दीवान, रामानुज, कौशल साहू, टिकेश यादव, राजू प्रधान एवं रिटायर्ड शिक्षक बालकृष्ण लाला श्रीवास्तव एवं सुरेश जैन का सम्मान किया गया।

## अरंड में महाष्टमी पर हुआ हवन-पूजन, श्रद्धालुओं ने की माता की विशेष पूजा-अर्चना



**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अरंड में जय महावीर दुर्गा उत्सव समिति द्वारा विराजित दुर्गा पंडाल में महाअष्टमी पर विधि विधान से हवन पूजन कार्यक्रम हुआ। श्रद्धालुओं ने पूर्णाहुति देकर माता की विशेष पूजा अर्चना की। इस दौरान भोपाल ध्रुव, ग्राम के सरपंच डिगंम्बर पटेल, देवराज सिंह ठाकुर, खूबचंद दुबे, ग्राम के बैग विश्वनाथ ध्रुव, दुर्गा समिति के कौतुक पटेल, शिवचरण ध्रुव, कार्तिक राम पटेल, जयराम पटेल, देवानंद पटेल, महेश ध्रुव, हुसन लाल निर्मलकर, दिनेश दुबे, रामअवतार ध्रुव, लकेश ध्रुव, मुनेश दुलारी बाई ध्रुव, कविता पटेल, नागमत बाई ध्रुव, गीता बाईध्रुव आदि मौजूद रहे।




**नर्रा।** शारदीय क्वांर नवरात्र के आठवां स्वरूप महागौरी की पूजन अर्चन कर क्षेत्र में देवी मंदिरों और दुर्गा पंडालों में मां दुर्गा की प्रात:10 बजे से दोपहर व संध्या तक हवन पूजन कर पूर्णाहुति दी गई।

आगमन: प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज का महासमुंद पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

# कांग्रेस का मूल मंत्र जनता की सेवा, यही भावना हमारी कार्यप्रणाली का आधार :बैज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज का महासमुंद जिले में गर्मजोशी से स्वागत हुआ। उनके साथ पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर एवं अमरजीत चावला पूर्व प्रभारी महामंत्री का भी आगमन गांधी कांग्रेस भवन महासमुंद में हुआ। कार्यकर्ताओं एवं कांग्रेसजनों में गहरा उत्साह देखा गया। कार्यकर्ता बड़े उत्साह के साथ विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर स्वागत की तैयारी में जुटे रहे। महासमुंद आगमन पर बैज का फूल-मालाओं एवं नारों के साथ भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का मूल मंत्र जनता की सेवा है और यही भावना हमारी कार्यप्रणाली का आधार है। उन्होंने संगठन की मजबूती पर विशेष बल देते हुए कहा कि गांव-गांव और घर-घर तक पहुंच



बनाकर ही जनता की समस्याओं का समाधान संभव है। प्रदेश अध्यक्ष बैज ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने हमेशा किसानों, मजदूरों, युवाओं और महिलाओं के हित में ठोस कदम उठाए हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे धान खरीदी, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, शिक्षा में सुधार और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन्हें घर-घर तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे मजबूती से संगठन को जमीनी स्तर पर खड़ा करें और आम जनता तक कांग्रेस की नीतियों को पहुंचाएं। उन्होंने यह भी कहा कि आज की राजनीति सेवा और समर्पण की माँग करती है, न कि व्यक्तिगत स्वार्थ की। इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद के जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, आलोक चंद्राकर संयुक्त सचिव प्रदेश कांग्रेस, खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष, ढेलू निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, खिलावन साहू ग्रामीण अध्यक्ष, निखिलकांत साहू अध्यक्ष नगर पालिका, अमन चंद्राकर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष, प्रदीप चंद्राकर महामंत्री, गौरव चंद्राकर महामंत्री, मनोजकांत साहू पूर्व उपाध्यक्ष नगरपालिका, वरिष्ठ कांग्रेसी राजेंद्र चंद्राकर, गुरमीत चावला महामंत्री, पार्षद मुस्ताक खान, वीरेंद्र चंद्राकर, भारत ठाकुर अधिवक्ता, तबरेज खान, सोनम रामटेके, ममता चंद्राकर, नितेंद्र बैनर्जी जिला अध्यक्ष सेवादल, पूर्व एल्डरमैन जावेद चौहान, प्रकाश अजमानी, सुरेंद्र ठाकुर, डॉ.बलवंत साहू, अनुराग चंद्राकर, आकाश निषाद, मनोहर ठाकुर, प्रकाश अजमानी, विनोद युगर, संतोष धीवर, मानिक साहू, सागर डोंगरे, तुलसी देवदास, भानु सोनी एवं अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## रसायन शास्त्र विद्यार्थियों ने बरगढ़ साइंस सेंटर एवं बराबाखरा जलप्रपात का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉक्टर संध्या भोई के निर्देशन, शब्या पटेल के मार्गदर्शन एवं अनिल गुप्ता, अक्षय कुमार साहू तथा पीतांबर बाघ के नेतृत्व में एमएससी रसायन शास्त्र के विद्यार्थियों ने ओडिशा राज्य के बरगढ़ जिले में स्थित बरगढ़ साइंस सेंटर एवं बराबाखरा जलप्रपात का शैक्षणिक भ्रमण किया। बच्चों और युवाओं में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा और रुचि पैदा करने, वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने एवं विज्ञान को केवल किताबों तक सीमित न रखकर व्यवहारिक अनुभव करने के उद्देश्य से 21 जनवरी 2020 में इस साइंस सेंटर को स्थापित किया गया था। इस केंद्र के मैनेजर गोपीनाथ प्रधान द्वारा इंटरएक्टिव मॉडल, फ्लोटिंग बाल, क्लैप ट्री, 3डी शो, मिरर हाउस, कार्यशालाएं, तारामंडल, विभिन्न वैज्ञानिक मॉडल, प्रयोगात्मक उपकरण तथा केंद्र में रखे गए प्रदर्शनी के संबंध में सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। यह केंद्र न केवल विद्यार्थियों के लिए बल्कि आमजन के लिए भी विज्ञान को जीवन से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने अंबाभाना में बरा पहाड़ पर्वत श्रृंखला पर स्थित बराबाखरा जलप्रपात जलप्रपात जो कि प्राकृतिक सुंदरता, झरने की अद्वितीय ध्वनियां दर्शकों को अपनी




ओर आकर्षित कर लेती हैं। महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीर सुरेंद्र साई ने अंग्रेजों के खिलाफ अपने संघर्ष के दौरान इस क्षेत्र को अपना शरण स्थल एवं गढ़ बनाया था। जैव विविधता, प्राकृतिक सौंदर्य और स्वतंत्रता संग्राम की स्मृतियां तथा यहां के शांत वातावरण से सभी विद्यार्थी उत्साहित एवं प्रेरित हुए। भ्रमण के लिए विद्यार्थियों ने प्राचार्य डॉक्टर संध्या भोई एवं महाविद्यालय परिवार को धन्यवाद प्रेषित किया है।

## बसना थाना परिसर में दुर्गा उत्सव शांति समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

थाना परिसर में दुर्गा उत्सव एवं आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों और समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता स्थानीय विधायक संपत अग्रवाल ने की। इस अवसर पर एसडीओपी ललिता मेहर, नगर पंचायत अध्यक्ष खुशबू अग्रवाल, एसडीएम मनोज कुमार खंडे, तहसीलदार कृष्ण कुमार साहू, एवं थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह राठौर मंचासीन रहे। विधायक संपत



अग्रवाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि दुर्गा अष्टमी सहित सभी त्योहारों को आपसी भाईचारे और सौहार्द्र के साथ मनाया जाना चाहिए। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि शांति और व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। एसडीएम मनोज कुमार खंडे ने अपने संबोधन में कहा कि त्योहारों के दौरान शांति बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि समाज की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए सभी वर्गों को मिलकर प्रयास करना होगा। प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं, लेकिन आम नागरिकों का सहयोग सबसे अहम है। उन्होंने आयोजन समितियों से आग्रह किया कि वे किसी भी विवाद की स्थिति से बचने के लिए प्रशासन के निर्देशों का पालन करें और किसी भी असमंजस की स्थिति में तुरंत संवाद स्थापित करें।

थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह राठौर ने दुर्गा उत्सव के दौरान 'बाना' लगाने को लेकर संभावित विवादों की चर्चा करते हुए बताया कि इस वर्ष ऐसी किसी स्थिति से बचने के लिए पूर्व में ही समितियों के साथ समन्वय किया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर सीमित पाबंदियाँ भी लागू की जाएंगी। इस बैठक में सभी धर्मों के प्रमुख, पत्रकारगण, समाजसेवी एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक में यह संदेश दिया गया कि सभी पर्व शांतिपूर्वक और बिना किसी प्रकार के विघ्न के मनाए जाएं। अंत में सभी ने आपसी सहयोग से क्षेत्र में शांति और सौहार्द्र बनाए रखने का संकल्प लिया।

## विधायक के जन्मदिन पर मरीजों को बांटे फल



**झलप।** भाजपा झलप मंडल द्वारा विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के जन्मदिन के अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र झलप में मरीजों को फल, बिस्किट वितरण किया गया जिसमे भाजपा मंडल महामंत्री व सरपंच झलप राकेश साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता शिव सिन्हा, मंडल मंत्री पोतदार सोनवानी, विधायक प्रतिनिधि बली राम चौधरी, बूथ अध्यक्ष संतोष पंडा, भाजपा नेता रज्जन गुप्ता आदि मौजूद रहे। रज्जन गुप्ता का भी जन्मदिन पर विधायक ने फोन कर बधाई प्रेषित किए।



### राजपूत समाज के नुआखाई मिलन समारोह समारोह में प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

**सरायपाली।** राजपूत समाज द्वारा बरगढ़ में आयोजित सामाजिक नुआखाई मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बरगढ़ व आसपास क्षेत्रों के राजपूत समाज के ओडिशा के पूर्व सांसद प्रभास सिंह व सरायपाली की रूबी सिंह ठाकुर के साथ ही अनेक पदाधिकारी व वरिष्ठजन उपस्थित थे। कार्यक्रम में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही विभिन्न विधाओं में सफल छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो प्रदान कर उन्हें सम्मानित भी किया गया। रूबी सिंह ठाकुर (अध्यक्ष राजपूत समाज सरायपाली) ने बताया कि बरगढ़ में आयोजित इस सामाजिक नुआखाई मिलन समारोह को सभी सामाजिक बंधुओं ने सराहा। समाज में व्याप्त कुरीतियों व रूढ़िवादी परंपराओं को भी त्यागने पर जोर दिया गया। सामाजिक मीटिंग में समाज उत्थान को लेकर वार्तालाप भी हुई। ओडिशा के समाज वाले इतनी छोटी उम्र में समाज को एकजुट करने का जो बीड़ा उठाया है। साथ ही सामाजिक कार्य को सक्रिय रूप से करने के लिए जो उदाहरण प्रस्तुत किया है वह प्रसंशनीय है। इस अवसर पर विभिन विधाओं में अपनी योग्यता प्रदर्शित करने वाले बच्चों में आशुतोष ठाकुर, महक भिटरिया, मुस्कान भित्रीया, रोशनी सिंह दानी, सौम्या भित्रीया, खुशी करचुल व रोशन करचुल को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाज के सुशील ठाकुर (अध्यक्ष), हेमराज बुडक (सचिव), अंतर्यामी भित्रीया (यूथ प्रेजिडेंट), केदार सिंह, शंभु सिंह, महेंद्र सिंह, सहजोग लिपन ठाकुर व शिशु राउत आदि मौजूद रहे।

## मुनगासेर के सांस्कृतिक कार्यक्रम में पहुंचे विधायक



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

नवरात्रि पर मुनगासेर में आयोजित धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव एवं वर्तमान खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव मुख्य रूप से सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में देवी दुर्गा की पूजा-अर्चना के साथ गरबा एवं डांडिया जैसे पारंपरिक सांस्कृतिक आयोजन हुए, जिसमें महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विधायक द्वारिकाधीश यादव ने माता रानी से क्षेत्रवासियों की खुशहाली, सुख-समृद्धि एवं छत्तीसगढ़ की प्रगति की कामना की। उन्होंने कहा कि नवरात्रि का पर्व सामाजिक एकता, भक्ति और मातृशक्ति की साधना का प्रतीक है। कार्यक्रम में राजू चंद्राकर, सुंदरलाल साहू, वेदनाथ चंद्राकर, कवि राम साहू, मुकेश साहू, उमाशंकर, दिनेश कुमार साहू, रामेश्वर, दीपक साहू, शंकर लाल साहू, चंद्र कुमार सबर, राकेश साहू, लकी साहू, कुंजीलाल साहू, मनीराम सबर सम्मिलित रहे।

ओम शांति..श्रद्धांजलि..ओम शांति
बारहवीं पुण्यतिथि
आप हमेशा दूर है किन्तु आप हमारे दिलों में रहते है आज ही के दिन आपने हम सबसे विदा ली थी.ईश्वर आपकी दिव्य आत्मा शान्ति प्रदान करें।


स्व. श्री दामोदर (दिपेश) चंद्राकर
की बारहवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए पुण्य आत्मा की शांति के लिए ईश्वर को प्रार्थना करते है..
-: श्रद्धांवत :-
बिमला बाई-विष्णु (माता-पिता), संतोष-रोशनी चंद्राकर (भैय्या-भाभी), राजकुमार चंद्राकर, श्रेयांश चंद्राकर (भाई), सुमन-सुरेश (दीदी-जीजा), श्रीया (बहन), शौर्य चंद्राकर, दक्षित चंद्राकर (भतीजा), प्रतिक-साक्षी (भांचा-भांची), मनोज-सुलन चंद्राकर (मौसा-मौसी), पंखुड़ी चंद्राकर (भतीजी)
विनीत :- समस्त चंद्राकर परिवार वार्ड नं. 06 लालपुर- बागबाहरा

### अघरिया महिला मंच ने मनाया गरबा उत्सव, महिलाओं को मोमेंटो प्रदान कर किया सम्मानित

**सरायपाली।** नवरात्रि पर अघरिया महिला मंच द्वारा गरबा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ईष्ट देव कृष्ण के पूजन से प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात अघरिया



महिला मंच को आर्थिक तथा सामाजिक रूप से अपना सहयोग प्रदान करने वाली सामाजिक पदाधिकारियों तथा महिलाओं को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उषा पटेल अध्यक्ष राष्ट्रीय अघरिया समाज, मोंगरा पटेल जिला पंचायत अध्यक्ष, लक्ष्मी पटेल अध्यक्ष जनपद पंचायत, सरस्वती पटेल अध्यक्ष नगर पालिका, सीता पटेल पूर्व मंडी अध्यक्ष, अनीता पटेल पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, तारेश्वरी नायक संयोजिका राष्ट्रीय अघरिया समाज, सुनीता त्रिलोचन पटेल समाज सेविका, डॉ. सुजाता पटेल, सुशीला पटेल पूर्व उपाध्यक्ष नपा, रमला नायक पूर्व जिला पंचायत सदस्य, भावना पटेल सरपंच मोखापुटका, आरती डोलचंद पटेल जनपद पंचायत सदस्य, सुशीला चौधरी सह संयोजिका राष्ट्रीय अघरिया समाज, शशि पटेल सह संयोजिका राष्ट्रीय अघरिया समाज, गंगा पटेल सह संयोजिका राष्ट्रीय अघरिया समाज, विमला नायक सह संयोजिका राष्ट्रीय अघरिया समाज,मंजू चौधरी क्षेत्रीय संयोजिका, गीता चौधरी कार्यकारिणी सदस्य, मनीषा चौधरी कार्यकारिणी सदस्य, पुष्पा पटेल चांपा, पद्मिनी पटेल सरपंच को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### पांच दिवसीय चैतन्य देवियों की झांकी का समापन

**महासमुंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा पांच दिवसीय चैतन्य देवियों की झांकी का सफल समापन हुआ। स्थानीय सेवाकेंद्र उपकार भवन नयापारा वार्ड में हर वर्ष की भांति श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। मां दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी व काली की जीवंत झांकी पूरे शहर में आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान विशेष अतिथि वार्ड नं 3 पार्षद पप्पू ठाकुर एवं सुनैना ठाकुर दीप प्रज्ज्वलित कर झांकी शुभारंभ किया एवं झांकी का अवलोकन किया।

### शिक्षा से शक्ति विषय पर वेबिनार का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय के एनडीएलआई क्लब द्वारा शिक्षा से शक्ति विषय पर वेबिनार का आयोजन गूगल मीट पर हुआ। मुख्य वक्ता डॉ. शाज़िया खान सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय रहीं। कार्यक्रम में एनडीएलआई क्लब के अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. एसबी कुमार एवं सभी सदस्य डॉ. मनोज कुमार शर्मा, ओंकार साहू, वंदना यादव उपस्थित रहे। संपूर्ण तकनीकी प्रक्रिया का संपादन नोडल अधिकारी एनडीएलआई क्लब अजय कुमार वास ग्रंथपाल ने किया। इस आयोजन में महाविद्यालय के अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही।



### शहीद स्मारक में हुई पूर्व सैनिक संगठन की बैठक

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में पूर्व सैनिक संगठन की बैठक हुई। इस दौरान प्रस्तावित कार्यों पर चर्चा हुआ। शहीद स्मारक के अंदर जो नाली है, वह पूरा टूट गया है, जिसे नया बनानाने, बाउंड्री वाल जो पुरानी पाइप से बनाया गया था, वह अब खराब होकर टूटने लगा है एवं शहीद स्मारक के सामने जो शहीद स्मारक के जाने का रोड है, वह खराब होने लगा है। इन सभी को बनाने को लेकर चर्चा की गई। जिस पर सरपंच से चर्चा गई। महासमुंद विधायक से दो-तीन बार इस बारे में पत्र दिया जा चुका है। शहीद स्मारक को हर हमेशा साफ सुथरा रखने पर चर्चा की गई साथ ही शहीद स्मारक और तालाब के आसपास साफ-सफाई की गई। बता दें रविवार को महासमुंद के पूर्व सैनिक के परिवारों और ग्राम पंचयत खरोरा के पंचों द्वारा शहीद स्मारक पर साफ-सफाई की जाती है।



### थाना प्रभारी को खल्लारी का छायाचित्र किए भेंट

**खल्लारी।** क्वांर नवरात्र पर्व पर खल्लारी थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार नाग को सामाजिक कार्यकर्ता व ग्राम पंचायत खल्लारी के उपसरपंच तारेश साहू ने मां खल्लारी का छायाचित्र भेंट किया। इस अवसर बसंत साहू, इंद्र कुमार चौहान, मिल्लुराम साहू आदि उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्त होने पर महाजन को दी गई विदाई

**महासमुंद।** कलेक्टर कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा में पदस्थ मानचित्रकार अरुण महाजन को 33 साल की सेवा के बाद सेवानिवृत होने पर विभाग की ओर से भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान प्रमोद सर, संजय शेल्के, रामकुमार साहू, कोमल डहरिया, बजरंग यादव, जीवराखन ध्रुव, टीकम नागेश, बहादुर, बिशाखा, बेला दीवान, चमेली आदि मौजूद रहे।

# विधायक ने बहनों की सेवा और उनके सशक्तिकरण व स्वावलंबन का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जन्मदिन के अवसर पर आयोजित

- शादी में जोड़ा भेंट किए जाने की पहल को मंत्री ने सराहा

कार्यक्रम के दौरान विधायक योगेश्वर राजू सिंहा ने माता-बहनों के लिए विशेष संकल्प लिया। साथ ही बहनों के सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन के लिए हर संभव प्रयास करने का वादा किया। जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन, बहनों को शादी पर जोड़ा वितरण के संकल्प के साथ कार्यक्रम के दौरान माताओं-बहनों को साड़ी वितरण किया गया। इस दौरान धार्मिक आयोजनों को बढ़ावा देने मंडलियों को मांदर एवं ढोलक भी भेंट किया।

इस अवसर पर डॉ रमन सिंह एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े विशेष तौर पर रुद्राभिषेक में हुए। मंचस्थ अतिथियों में सांसद रूपकुमारी चौधरी, बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू,




कृषि एवं बीज विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य इंद्रजीत सिंह गोल्डी, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक रामलाल चौहान, त्रिलोचन पटेल सहित अन्य नेतागण, पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित रहे।

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि तीजा पर्व के दौरान स्वास्थ्यगत कारणों से पर्व का आयोजन नहीं कर पाया। इसलिए जन्मदिन पर बहनों को साड़ी वितरित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सिन्हा ने कहा कि क्षेत्र जिन बहनों की शादी तय होने पर उन्हें शादी का जोड़ा प्रदान किया जाएगा। डॉ रमन सिंह एवं लक्ष्मी राजवाड़े ने इस पहल की सराहना की। सिन्हा ने जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन भी भेंट किया। साथ ही धर्म एवं संस्कृति को बढ़ावा देने वाले विभिन्न मंडलियों को भेंट प्रदान की।

### विधानसभा अध्यक्ष सिंह व मंत्री राजवाड़े ने की सराहना

विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा कि 17




सितम्बर से 2 अक्टूबर तक मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के दौरान विधायक सिन्हा ने जन्मदिन पर महिला सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन के लिए भेंट प्रदान करने पर सराहना की। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने विधायक द्वारा शादी में बेटियों को जोड़ा दिए जाने की पहल को सराहा। साथ ही कहा कि बहनों को सिलाई मशीन भेंट कर उन्हें स्वावलंबी बनाने का कार्य किया जा रहा है।

## मांग : आक्रोशित किसानों ने एसडीएम पिथौरा को ज्ञापन सौंपकर की कार्रवाई की मांग

# सागुनढाप खरीदी केंद्र में 1514.40 क्विंटल धान घोटाला, कार्रवाई नहीं हुई तो 6 को चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

विकासखंड अंतर्गत आने वाले धान खरीदी केंद्र सागुनढाप में खरीफ वर्ष 2024-25 के दौरान बड़े पैमाने पर अनियमितता सामने आई है। यहां कुल 1514.40 क्विंटल धान की कमी पाई गई है। किसानों का आरोप है कि प्राधिकृत अध्यक्ष मथामणी बढ़ाई, धान खरीदी प्रभारी हरिलाल साव और कंप्यूटर ऑपरेटर की मिलीभगत से यह भ्रष्टाचार किया गया। किसानों ने बताया कि कई ऐसे किसानों के नाम पर धान खरीदी दिखाकर शासन को चूना लगाया गया, जिनके पास बेचने के लिए धान था ही नहीं। इन किसानों के खाते में भुगतान की राशि डाली गई और बाद में कथित रूप से उसे आरटीजीएस के जरिए प्राधिकृत अध्यक्ष मथामणि बढ़ाई के खाते में ट्रांसफर करा लिया गया। किसानों का कहना है कि इस घोटाले से न केवल समिति बल्कि शासन को भी लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

इस मामले में समिति के किसानों ने उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं महासमुंद के समक्ष शिकायत कर जांच की मांग किये हैं। लेकिन कार्रवाई नहीं होने से किसानों में भारी आक्रोश है। किसानों ने मंगलवार को एसडीएम पिथौरा को ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे 6 अक्टूबर को राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर चक्काजाम करेंगे।

धान खरीदी प्रभारी हरिलाल साव ने बताया कि वे केवल प्राधिकृत अध्यक्ष मथामणि बढ़ाई के दबाव में यह कार्य करने को मजबूर हुए। उन्होंने कहा कि उनके ऊपर जबरदस्ती दबाव बनाया गया। और यह कार्य कराया गया। वहीं जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक सांकरा के प्रबंधक पी मांझी ने पुष्टि की कि समिति में धान की कमी है और किसानों द्वारा शिकायत की गई है, लेकिन अभी जांच लंबित है। उधर, प्राधिकृत मथामणि बढ़ाई ने फोन कॉल रिसीव नहीं किया।




### धान खरीदी में हर वर्ष होती है भ्रष्टाचार

वहीं पिथौरा क्षेत्र में धान खरीदी केंद्रों में गड़बड़ियों का यह कोई पहला मामला नहीं है। लगभग हर वर्ष किसी न किसी समिति में ऐसे फर्जीवाड़े सामने आते हैं, लेकिन कड़ी कार्रवाई के अभाव में दोषियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। किसानों ने शासन से मांग की है कि जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह के घोटालों पर पूरी तरह से रोक लगाई जा सके।

### धान खरीदी में होती है जमकर भ्रष्टाचार

छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है और यहां समर्थन मूल्य पर बड़े पैमाने पर धान खरीदी की जाती है। लेकिन सच्चाई यह है कि इस व्यवस्था में लगातार भ्रष्टाचार पनप रहा है। जिम्मेदार अधिकारियों और समिति पदाधिकारियों की मिलीभगत से ऐसे घोटालों के कारण राज्य सरकार को हर साल करोड़ों का नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं धान खरीदी केंद्र सागुनढाप में 1514.40 क्विंटल यानी 46,94,640 रुपये का घोटाला किया गया है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन को और उग्र करेंगे तथा प्रदेश स्तर पर भी प्रदर्शन करने से पीछे नहीं हटेंगे।



### नवरात्रि का आठवां दिन महागौरी को समर्पित

**महासमुंद।** ग्राम मोरधा में आयोजित झांकी कार्यक्रम में पहुंचे तुषार साहू पहुंचे। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि हेमंत साहू, ईश्वर साहू, डॉ.परमानंद साहू मौजूद रहे। ग्राम नयापारा, बरगांव, बिरकोनी, खट्टीडीह, गोपालपुर, बरबसपुर, अछरीडीह के दुर्गा पंडालो में पहुंचकर भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू पूजा अर्चना कर क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि पौराणिक कथा के अनुसार नवरात्रि का मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी को समर्पित होता है। महाअष्टमी तिथि पर माता महागौरी की विशेष पूजा का विधान है। महागौरी को सौम्यता और शांति का प्रतीक माना जाता है। माता का यह स्वरूप अत्यंत तेजवान है। माता महागौरी को भगवान महादेवी की अर्धांगिनी के रूप में भी पूजा जाता है। माना जाता है कि जो मां महागौरी की पूजा सच्चे मन से करता है, देवी प्रसन्न होकर उस पर कृपा बरसाती हैं और जीवन से नकारात्मकता दूर हटाती हैं। देवी महागौरी की साधना करने से सुख-समृद्धि आती है।



### सिमगांव में नवरात्रि कार्यक्रम में सम्मिलित हुए विधायक

**बागबाहरा।** शारदीय नवरात्रि पर सिमगांव में आयोजित भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में पूर्व संसदीय सचिव एवं वर्तमान खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली, समृद्धि और शांति की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक यादव ने कहा कि "नवरात्रि का पर्व शक्ति और आस्था का प्रतीक है। यह पर्व हमें मातृशक्ति के सम्मान के साथ-साथ सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने का संदेश देता है।" इस अवसर पर प्रमुख रूप से डूमरौतीन ठाकुर, कन्हैया निषाद, दीनूराम साहू, खेलो राम निषाद, टीकम ठाकुर, भागीरथी साहू, इंद्रमण निषाद, जीवन जोशी, बृजलाल निषाद, महेश साहू, नरसिंह ठाकुर, कालानाथ निषाद, अनस राम ठाकुर, पुरोहित महाराज, व्यास नारायण पटेल एवं तोलाराम चक्रधारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, महिलाएँ एवं युवा उपस्थित रहे।

# बागबाहरा में प्रांत स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ की योजनानुसार स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर बागबाहरा में प्रांत स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ 29 सितंबर को हुआ। इस प्रतियोगिता का आयोजन 01 अक्टूबर 2025 तक किया जा रहा है। उद्घाटन अवसर पर महासमुंद जिला पंचायत के उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय संचालन समिति के सहसचिव जोगेंद्र सिंह ने की। विशेष अतिथि के रूप में बागबाहरा नगर पालिका के उपाध्यक्ष एवं विद्यालय के पूर्व छात्र देवेश साहू उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि ठाकुर ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उपविजेता खिलाड़ियों से निराश न होकर और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रयास करने का आह्वान किया। विशेष अतिथि साहू ने कहा कि कबड्डी ही ऐसा खेल है, जो हमें पुनर्जन्म का स्मरण कराता है। उन्होंने अपनी प्रगति का श्रेय विद्यालय की शिक्षा एवं संस्कार को देते हुए सशिमं के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर विद्यालय संचालन समिति के सचिव/व्यवस्थापक राहुल अग्रवाल, साधारण सभा के सदस्य अनिल पुरोहित, प्रांतीय खेल प्रमुख दिवाकर स्वर्णकार, प्रांतीय शारीरिक प्रमुख एवं रायपुर-राजिम विभाग समन्वयक मानिकलाल साहू सहित अनेक नागरिकगण उपस्थित रहे। प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु छत्तीसगढ़ प्रांत से आए 15 निर्णायक, बिलासपुर के प्राचार्य अनुपम दुबे के नेतृत्व में निरंतर सक्रिय हैं। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रांत के 11 विभागों के 21 विद्यालयों से कुल 323 प्रतिभागी छात्र-छात्राएं एवं संरक्षक हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन बहिन सृष्टि साहू ने किया, वहीं अतिथि परिचय एवं आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य नंदूराम निर्मलकर ने किया।



### खट्टी में खिलाड़ी तोरण का हुआ स्वागत



**महासमुंद।** इंटरनेशनल योगासन पैरामेडिकल में विजयी होकर लौटने पर तोरण यादव का ग्राम खट्टी में स्वागत किया गया। इस दौरान सरपंच अनिता मोती मेहरा, उपसरपंच प्रभा ध्रुवंशी, मिथिलेश यादव, गजेंद्र साहू, सावित्री साहू, जनपद सदस्य पुष्पा बाई ध्रुव, ग्राम प्रमुख राजेश निषाद, दिनेश ध्रुव, खेमराज ध्रुवंशी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# पोषण पुनर्वास केंद्र में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ कुणाल नायक, खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी टीआर धृतलहरे व विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक शीतल सिंह के संयुक्त तत्वावधान में पोषण पुनर्वास केंद्र में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के थीम पर पोषण दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम में डॉ अमित कुमार भोई, डॉ जयप्रकाश नायक, सरिता उपाध्याय व सुमित्रा ठाकुर ने विभिन्न प्रकार के फलों, सब्जियों का प्रदर्शनी लगाकर बताया कि



गर्भवती महिलाओं को मौसमी फल का सेवन करना चाहिए एवं तिरंगा भोजन को अपने थाली का हिस्सा बनाना है तथा बच्चों को 6 माह तक सिर्फ मां का ही दूध पिलाना है और कुपोषित व कम वजन के बच्चों को एनआरसी में भर्ती किया जाता है, जहां पर पोष्टिक आहार दिया जाता है। बच्चों को विशेष रूप से निगरानी में रखते हुए नियमित रूप से उसका देखभाल किया जाता है। बच्चा सुपोषित व स्वस्थ होकर घर जाता है। यदि किसी गर्भवती महिला का खून 7 ग्राम से कम हो जाता है तो उसे सीएचसी में निःशुल्क खून चढ़ाया जाता है। सभी बच्चों के स्वास्थ्य का देखरेख विशेषज्ञ डॉ कुणाल नायक द्वारा किया जाता है।

# झलप में विधि विधान से हुआ शस्त्र पूजन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

राम जानकी मंदिर चौक झलप में विश्व हिंदू परिषद, दुर्गा वाहिनी एवं मातृ शक्ति के संयुक्त तत्वावधान में शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां भवानी दुर्गा की आराधना एवं शस्त्रों की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। तत्पश्चात मां दुर्गा की आरती कर समस्त देवतुल्य अतिथियों का पारंपरिक रूप से तिलक-वंदन कर स्वागत-सत्कार किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में धर्म जागरण जिला संयोजक त्रिलोक शर्मा एवं पिथौरा प्रखंड मातृ शक्ति संयोजिका ममता शीतल मिश्रा उपस्थित रहीं।



प्रथम वक्ता के रूप में मिश्रा दीदी ने लव जिहाद एवं धर्मांतरण जैसे गंभीर विषयों पर प्रकाश डालते हुए समाज की बेटियों और परिवारों को इससे बचाने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए समाज को सजग रहना आवश्यक है। इसके पश्चात त्रिलोक शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि "धर्म और राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं होता। हमें अपने सपनों के साथ-साथ राष्ट्र रक्षा और धर्म सुरक्षा के प्रति हमेशा जागरूक रहना होगा।" उन्होंने शस्त्र पूजन के पौराणिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह केवल परंपरा ही नहीं, बल्कि शक्ति, विजय एवं सुरक्षा की भावना को जागृत करने का माध्यम भी है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बेटियों ने भागीदारी कर शस्त्र पूजन किया। वक्ताओं की सार्थक चर्चा को ध्यानपूर्वक सुनते हुए उन्होंने संकल्प लिया कि धर्म रक्षा और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएंगी।

इस अवसर पर बजरंग दल जिला सहसंयोजक दुर्गेश यादव, महासमुंद प्रखंड ग्रामीण संयोजक ऋषि ध्रुवंशी, ललिता अग्रवाल, प्रकाश पटेल, हेमंत पंडा, राजा अग्रवाल, राकेश साहू, बलविंदर सिंह सीटू सलूजा, शम्मी सलूजा, कुलजीत सलूजा, भागीरथी मार्कंडे, अतुल गुप्ता, निर्भय नायक,पोतदार सोनवानी, हर्षित साहू, पवन साहू, रितेश ध्रुवंशी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन जयघोष और मां दुर्गा की आरती के साथ हुआ।

